# बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में एक माह से भर्ती एक प्रसूता की मौत

## सिजेरियन डिलीवरी के बाद प्रसूता की किडनी फेल हो गई थी

- हालत गंभीर होने पर पिछले 20 दिन से वेंटिलेटर पर थी महिला, किडनी फेल होने के साथ लिवर भी डैमेज हो गया था
- अस्पताल अधीक्षक के अनुसार प्रथमदृष्टया मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर महिला की मौत का कारण माना जा रहा है

**बीकानेर,** (निसं)। पीबीएम हॉस्पिटल में शुक्रवार को एक प्रसूता की मौत हो गई। हॉस्पिटल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद 6 महिलाओं की किडनी फेल हो गई थी। इनमें एक महीने से हॉस्पिटल में भर्ती सूरतगढ़ की रहने वाली प्रीति (20) पत्नी कमल नायक की हालत गंभीर थी।

जानकारी के अनुसार, डिलीवरी के बाद प्रीति की तबीयत लगातार बिगड़ती गई। उसकी किडनी फेल हो गई थी। बाद में लिवर भी डैमेज हो गया। पिछले कुछ दिनों से उसके दिमाग तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच रही थी। हालत गंभीर होने पर वह पिछले 20 दिन से वेंटिलेटर पर थी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. बी.सी. घीया के अनुसार, प्रथमदृष्टया मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर महिला की मौत का कारण माना जा रहा है। किडनी के बाद अन्य अंगों ने भी काम करना बंद कर दिया। इसके कारण इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसकी मौत हो गई।

गौरतलब है कि पीबीएम हॉस्पिटल में प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ने और किडनी फेल होने के मामले को लेकर पिछले दिनों काफी विवाद भी हुआ था। फिलहाल हॉस्पिटल में तीन प्रसूताओं का इलाज चल रहा है। पीबीएम हॉस्पिटल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद एक-एक कर 6 महिलाओं की किडनी फेल हो गई थी। हालात इतने बिगड़े कि प्रसूताओं की कई बार डायलिसिस की गई। सभी को आईसीयू में शिफ्ट किया गया। इनमें तारा देवी (27) और राहिला (19) को छुट्टी दे दी गई। शारदा (26) वेंटिलेटर पर और इमरती (20) पोस्ट कोविड आईसीयू में भर्ती है। कमला का मेडिसिन आईसीयू में इलाज जारी है। प्रीति की शुक्रवार दोपहर मौत हो गई।

हॉस्पिटल सुपरिटेंडेंट के अनुसार, सिजेरियन डिलीवरी के बाद प्रसूताओं को बाजार से मंगवाए ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन लगाए थे। इसके बाद ही महिलाओं की तबीयत बिगड़ती गई। मामले में राज्य सरकार के स्तर पर 2 जांच कमेटी भी बनाई गई है, जिसमें जोधपुर मेडिकल कॉलेज की टीम पीबीएम हॉस्पिटल में 24 घंटे में जांच पूरी कर उसी दिन लौट गई। वहीं ड्रग कंट्रोलर की कमेटी कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

मामले में पीबीएम हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट का दावा है कि डॉक्टर्स व स्टाफ की तरफ से मामले में लापरवाही नहीं बरती गई। प्रसूताओं को प्रॉपर इलाज दिया गया। हालांकि दोनों जांच टीमों की फाइनल रिपोर्ट के बाद ही सरकार के स्तर पर अंतिम फैसला आने की संभावना है।

## जोधपुर में तीन बाल श्रमिक मुक्त कराये

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस की तरफ से चलाए जा रहे उमंग-7 के तहत तीन बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। गौरतलब है कि जोधपुर में बाल श्रमिकों को मुक्त कराने की कार्रवाई जारी है। कमिश्नरेट के माता का थान और बोरानाडा क्षेत्र से तीन बालश्रमिकों को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। बालक वैल्डिंग और हैण्डीक्राफ्ट के कार्य से जुड़े हुए थे। इनके संचालकों के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

माता का थान पुलिस थाने के एसआई हरखाराम ने नृसिंह प्याउ के पास में युवराज स्टेनलेस स्टील एवं शिवराज वैल्डिंग वर्क्स पर रेड दी। यहां पर एक बालक से श्रम करवाया जा रहा था। बाद में बाल को चाइल्ड हैल्प लाइन के समक्ष पेश किया गया। इसके संचालक खेडीवाला बेरा निवासी प्रवीण के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। इसी तरह बोरानाडा पुलिस ने बुझावड़ रोड बालाजी नगर में गणपति आर्ट पर काम कर रहे बालकों को मुक्त करवाया।

# राहुल गांधी और कांग्रेस को कोसने वाले भाजपा नेता के घर पहुंचे अशोक गहलोत

- गहलोत के इस कदम से कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता काफी आहत हुआ है
- जब पंकज मेहता ने कांग्रेस छोड़ी तो अशोक गहलोत के व्यवहार को लेकर नाराजगी दिखाई थी

**कोटा,** (निसं)। राहुल गांधी कोटा में छात्रों से संवाद करने के लिए आए थे। इस दौरान प्रदेशभर के नेताओं का जमावड़ा कोटा में था। अशोक गहलोत भी कोटा में रहकर राहुल गांधी के सम्मुख अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगे हुए थे। इस बीच वे कोटा का चंबल रिवर फ्रंट भी देखने रात के समय पहुंच गए। चंबल रिवर फ्रंट का भ्रमण करने के बाद वापस पैदल लौट रहे थे तो रास्ते में ही भाजपा के उन नेता जो कभी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष, विधानसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी, कांग्रेस सरकार में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष, कांग्रेस में विभिन्न पदों पर रह चुके थे और सबसे बड़ी बात जिन्हें कोटा में अशोक गहलोत का सबसे करीबी नेता माना जाता था उनकी गली में देर रात पहुंच गए।

गली में पहुंचते ही उन्हें बताया गया कि यह पंकज मेहता का मकान है, तो गहलोत ने फोन करके पंकज मेहता को नीचे बुला लिया। मेहता भी अचंभित रह गए और नाइट ड्रेस में ही अशोक गहलोत से मिलने अपने घर के नीचे गली में आ गए। बाद में गहलोत और मेहता की मुलाकात की यह तस्वीर वायरल हो गई जो राजनीतिक चर्चा का केंद्र बन गई। मजेदार बात यह है कि राहुल गांधी के दौरे को लेकर पंकज मेहता काफी आक्रामक थे और कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर लगातार काउंटर अटैक कर रहा था। अब जब यह तस्वीर सामने आई तो कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता हतोत्साहित नजर आ रहा है।

गहलोत का राजनीतिक कद राजस्थान में काफी बड़ा है, इस कारण से कोई नेता या कार्यकर्ता खुलकर उनके इस कदम की निंदा तो नहीं कर रहा परंतु दबी जुबान से यह कहने पर भी नहीं चूक रहा कि गहलोत ने ऐसा करके समर्पित कार्यकर्ता के सम्मान को ठेस पहुंचाई है। ज्ञात रहे कि पंकज मेहता कोटा के वह नेता है, जिन्होंने वर्षों तक कांग्रेस में रहकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया था। लेकिन गत विधानसभा चुनाव में अशोक गहलोत से नाराजगी के चलते उन्होंने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया था। जब पंकज मेहता ने कांग्रेस छोड़ी तब उन्होंने स्पष्ट रूप से अशोक गहलोत के व्यवहार को लेकर खासा नाराजगी जाहिर की थी। अब भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हैं और अपने कार्य को बखूबी अंजाम दे रहे हैं।

# मासूम बच्ची की हत्या की दोषी मां और प्रेमी को आजीवन कारावास

- कोर्ट ने कहा कि जब बच्चा अपनी मां के पास सुरक्षित नहीं तो कहां सुरक्षित रहेंगे, इस तरह की महिलाएं मां के नाम पर कलंक है, इन्हें समाज में स्वतंत्र रहने का अधिकार नहीं है

**कोटा,** (निसं)। मासूम बच्ची की हत्या व साक्ष्य छिपाने के करीब पांच साल से अधिक पुराने मामले में न्यायालय अपर सेशन न्यायाधीश क्रम-2 ने सुनवाई करते हुए हत्या के आरोप में पकड़ी गई उसकी मां व उसके प्रेमी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

एडीजे क्रम-2 की पीठासीन अधिकारी सरिता धाकड़ ने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी मां टीना उर्फ पुष्पा व उसके प्रेमी प्रहलाद सहाय को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 30-30 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। अपर लोक अभियोजक भारत सिंह आसावत ने बताया कि 16 दिसंबर 2020 को परिवादी सुमित यादव ने बूढ़ादीत थाने में रिपोर्ट दी। परिवादी ने रिपोर्ट में कहा कि 11 नवम्बर 2020 को वह काम पर गया था, घर में उसकी पत्नी टीना उर्फ पुष्पा, चार वर्षीय पुत्री नंदनी व उसकी मां रह गई और उसकी मां सगुनाबाई नरेगा में काम के लिये चली गई तो उसकी पत्नी टीना उर्फ पुष्पा उसकी बेटी नंदनी को लेकर बिना बताये घर से कहीं चली गई, काफी तलाश करने पर भी मां और बेटी को कोई पता नहीं चल रहा। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर दोनों की तलाश की। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए वर्ष 2021 में टीना उर्फ पुष्पा को जयपुर से दस्तयाब किया। पुलिस जांच में सामने आया कि वर्ष 2020 में टीना उर्फ पुष्पा का फोन गलती से प्रहलाद सहाय को लग गया, लेकिन बाद में दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी थी। जिसके बाद टीना अपनी मासूम बेटी नंदनी को लेकर प्रहलाद के कहने पर जयपुर पहुंच गई, जहां से प्रहलाद उसे अपने घर ले गया, बाद में टीना ने प्रहलाद से शादी करने की जानकारी अपने पिता को भी दी।

पुलिस जांच व अनुसंधान में सामने आया कि 9 दिसम्बर 2020 को जयपुर में उसकी बच्ची नंदनी घर की छत पर खेल रही थी और खेलते समय सीढ़ियों से गिर गई, बच्ची को अस्पताल में दिखाया तो डॉक्टर ने बच्ची के गंभीर चोट होने पर उसे बड़े अस्पताल में दिखाने को बोला। पुलिस जांच में सामने आया कि प्रेमी प्रहलाद सहाय बच्ची के इलाज में ज्यादा रूपये खर्च नहीं करना चाहता था और बच्ची की मां टीना ने प्रेमी प्रहलाद सहाय के कहने पर दोनों ने मिलकर शॉल से मासूम का मुंह दबाकर उसकी निर्मम हत्या कर दी और मासूम के शव को माधोगढ़ की पुलिया से पहले रोड के नीचे नाले में फेंक दिया। पुलिस को जांच के दौरान बालिका के मौजे, शॉल और कपाल की हड्डी के दो टुकड़े मिले थे, उनकी डीएनए जांच कराई गई, जिसमें सामने आया कि शव नंदिनी का है। पुलिस ने कार्यवाही कर टीना उर्फ पुष्पा व उसके प्रेमी प्रहलाद सहाय दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान कर आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया गया, मामले में 13 गवाहों के बयान 52 दस्तावेज पेश किये।

**कोर्ट की टिप्पणी :-** मासूम बच्ची की हत्या के मामले में न्यायालय ने कहा कि आरोपी महिला टीना उर्फ पुष्पा ने मातृत्व को शर्मशार किया है, एक मां द्वारा ही मासूम बच्ची को मारकर प्रेमी के साथ मिलकर शव फेंक दिया। जब बच्चा अपनी मां के पास सुरक्षित नहीं तो कहां सुरक्षित रहेंगे। इस तरह की महिलाएं मां के नाम पर कलंक व धब्बा है जो मां कहलाने के लायक नहीं है, इन्हे समाज में स्वतंत्र रहने का अधिकार नहीं है।

# फिल्म प्रोड्यूसर अमित ज्याणी को धमकी मिली

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान के चर्चित काला हिरण शिकार मामले पर आधारित फिल्म काला हिरण को लेकर नया विवाद सामने आया है। फिल्म के प्रोड्यूसर अमित ज्याणी को पाकिस्तान नंबरों से जान से मारने की धमकी मिली है। अमित का आरोप है कि मुझे सलमान खान के इशारे पर धमकी दी गई है। इधर, इस पूरे मामले को लेकर अमित ज्याणी ने वीडियो भी जारी किया है।

उन्होंने बताया कि पिछले दो साल से मुझे गला काटने, जान से मारने, घर उड़ाने और पेट्रोल बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है। 28 अक्टूबर 2025 को भी मुझे धमकी मिली थी। उदयपुर में भी मुझे बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसकी भी शिकायत मैंने की थी। उन्होंने बताया कि मैं गुरु जम्भेश्वर के दर्शन करने गया था। सलमान खान हमारे खिलाफ हाईकोर्ट में है। जैसे ही मैं जोधपुर पहुंचा तो शहजाद भट्टी ने मुझे कॉल किया और मैसेज करते हुए मुझे 'काला हिरण' प्रोजेक्ट को छोड़ने की बात कही। धमकी देते हुए कहा कि प्रोजेक्ट से हट जाओ, हमारे हाथ बहुत लंबे हैं। जब मैंने कहा कि मैं तुम्हें नहीं जानता, उसने मुझे अपनी पुरानी खबरों के लिंक भेजे। हथियारों के साथ फोटो भेजते हुए कहा कि ये हमारे घर पर रहते हैं।

अमित ने कहा कि मैंने बताया कि मैं किसी गैंग का हिस्सा नहीं हूं। सभी आतंकवादियों पर फिल्म बना रहे हैं। मैं बहारों फूल बरसाओ गाने नहीं लिख सकता हूं। कुछ-कुछ होता है, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे.. ऐसी फिल्म नहीं बना सकता। मेरा सब्जेक्ट ये ही है। मैं आतंकवादी और लॉरेंस बिश्नोई गैंग का मेंबर नहीं हूं। मैं भारत देश का नागरिक हूं। शहजाद भट्टी घोषित आतंकवादी है।

थानाधिकारी दिनेश लखावत ने बताया कि अमित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## अजमेर के एक व्यक्ति से 7.22 लाख की ठगी

**अजमेर,** (निसं)। अजमेर में सायबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें ऑनलाइन धमकी और भय का माहौल बनाकर एक व्यक्ति से 7 लाख 22 हजार 350 रुपए की ठगी कर ली गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद सायबर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सायबर थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि पीड़ित लक्ष्मी नारायण ने शिकायत में बताया कि अज्ञात सायबर ठगों ने ऑनलाइन संपर्क कर उन्हें डराया-धमकाया और विभिन्न माध्यमों से उनके खाते से 7 लाख 22 हजार 350 रुपए की राशि ठग ली। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने राष्ट्रीय सायबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर सायबर पुलिस थाना एटीएस-एसओजी, जयपुर' में जीरो एफआईआर दर्ज की गई। प्रकरण राजस्थान क्षेत्राधिकार से संबंधित होने के कारण जीरो एफआईआर को आगे की कार्रवाई के लिए सायबर अपराध थाना, अजमेर भेज दिया गया। इसके बाद सायबर थाना अजमेर ने मुकदमा दर्ज कर लिया और आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए जांच शुरू कर दी है।

## जोधपुर में उत्तराखंड के युवाओं की एसयूवी पलटी, एक की मौत

- अन्य साथी घायल, गाड़ी के सामने नील गाय आने से हुआ हादसा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकटवर्ती झंवर स्थित चिरायों की ढाणी के पास एसयूवी पलटी खाने से एक युवक की मौत हो गई और उसके कुछ साथी घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि एसयूवी में सवार लोग उत्तराखंड के हैं और वे लोग नागाणा माताजी मंदिर के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान चिरायों की ढाणी के पास गाड़ी के सामने अचानक से नील गाय आ गई थी। नील गाय को बचाने के चक्कर में एसयूवी कार पलटी खा गई। मामले में झंवर पुलिस की तरफ से कार्रवाई की गई।

झंवर पुलिस ने बताया कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी स्थित जोडियाला निवासी विशेष नौटियाल पुत्र राधाकृष्ण की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका चचेरा भाई 31 वर्षीय शुभम नौटियान पुत्र बुद्धिसागर अपने कुछ साथियों संग नागाणा मंदिर दर्शन के लिए गया था। वापसी में यह लोग झंवर के चिरायों की ढाणी से निकल रहे थे। तब उनकी गाड़ी के सामने अचानक से नील गाय आ गई और गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में उसका चचेरा भाई शुभम बुरी तरह घायल हो गया, जिसकी अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। झंवर पुलिस के अनुसार गाड़ी में सवार कुछ अन्य भी चोटिल हुए है। गाड़ी छह सात लोग सवार थे।

## रिश्वत लेते तीन गिरफ्तार

**भरतपुर,** (निसं)। एसीबी चौकी भरतपुर इकाई द्वारा शुक्रवार को महिला पर्यवेक्षक क्षमा दहिया, सुनीता मुद्गल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, राजबाला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादिया द्वारा अपनी नौकरी में परेशान न करने व रिश्वत नहीं देने पर नौकरी से निकालने की धमकी देकर आरोपी 50 हजार रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान कर रही है। जिस पर महिला एवं बाल विकास विभाग भरतपुर के सूरजपोल सैक्टर की महिला पर्यवेक्षक क्षमा दहिया, सुनीता मुद्गल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कारे का नगला सैन्टर भरतपुर, राजबाला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डी ब्लॉक रंजीत नगर भरतपुर को दस हजार रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है।

# सांभर एसडीएम ने खातेदारों का 60 साल पुराना जमीन बंटवारे का विवाद सुलझाया

**सांभरझील,** (निसं)। प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे सेवा शिविर अनेक ग्रामीणों के लिए राहत भरा सिद्ध हो रहा है। शिविर में मौजूद सभी विभागों के अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर समाधान योग्य समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर राहत देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ग्रामीण सेवा शिविर प्रभारी जो कि उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल है, इस मामले में पूरी तरह मॉनिटरिंग कर समस्याओं का निस्तारण करने में लगातार जुटे हुए हैं।

- सेवा शिविर में एसडीएम ने राजस्व रिकॉर्ड की जांच कर संबंधित खातेदारों को समझाया, इसके बाद वे सभी राजीनामा के लिए सहमत हो गए




ग्रामीण सेवा शिविर में एसडीएम ऋषिराज कपिल ने खातेदारों से समझाइश कर मामले को निपटाया।

ऐसा ही है एक मामला जब उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल के समक्ष ग्राम खेड़ीराम के खातेदारों ने रखा कि उनकी जमीन बंटवारे का मामला पिछले 60 साल से लंबित चल रहा है और इसी विवाद के कारण उनको वास्तविक हक नहीं मिल पा रहा है, वे काफी हैरान और परेशान हैं। खातेदारों की पीड़ा को सुनकर एसडीएम ऋषिराज कपिल ने तत्काल संबंधित पटवारी व गिरदावर को जो कि शिविर में ही मौजूद थे को बुलवाया और उनके राजस्व रिकॉर्ड की जांच कर संबंधित खातेदारों को एक जगह बैठाकर उन्हें समझाया इसके बाद वे सभी राजीनामा के लिए सहमत हो गए और इस प्रकार प्रशासन की पहल पर साठ साल पुराने विवाद का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। बताया गया कि प्रार्थी केशर, डालचंद व मंगला पुत्र अर्जुन गुर्जर ने शिविर में उपस्थित शिविर प्रभारी ऋषिराज कपिल व तहसीलदार सृष्टि जैन, महावीर सिंह अतिरिक्त विकास अधिकारी पंचायत समिति सांभरलेक के समक्ष उपस्थित होकर इस विवाद को रखा। शिविर में ही शिविर प्रभारी द्वारा सभी खातेदारों से आपसी समझाइश कर गिरदवार व हल्का पटवारी को निर्देशित कर बंटवारा सम्बन्धित सम्पूर्ण कार्यवाही संपन्न कर खातेदारों को राहत दी, जिससे शिविर में उपस्थिति ग्रामीणों में खुशी जाहिर की व मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान 200 राजस्व और 67 पंचायतीराज के प्रकरण के अलावा अन्य विभागों के सैकड़ों प्रकरण निस्तारित किए गए।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**

No.NIT/2026-27/3433-42 अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 166/2026-27 Date:18.06.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|
| Construction of Major Bridge & Bypass at Sewla Village at Km. 58/100 to 59/700 on Bandh Baretha to Uchain via Kheriya Mod (Sh-43) UBN: RRC2627WLOB00277 | 2089.39 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट: http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

**कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक करौली (राज.)**

केशवपुरा पुलिया मण्डरायल रोड करौली, E-Mail :- adpcsamsakarauli@gmail.com

**ई-निविदा सूचना संख्या-04/2026-27**

कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा करौली के अधीन संचालित 14 पीएम श्री विद्यालयों (सूची संलग्न) में पूर्व प्राथमिक कक्षाएँ / बाल वाटिकाओ हेतु प्रति विद्यालय 01 एनटीटी / डिप्लोमा ट्रेंड व्यक्ति और 01 सफाईकर्मी की 10 माह की सेवाएँ हेतु (अनुमानित लागत 23.80 लाख रूपये) सेवा प्रदाता के माध्यम से ली जानी है। इस हेतु ई-निविदाएं दिनांक 15.06.2026 समय दोपहर 12.00 बजे से 24.06. 2026 सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा में भाग लेने वाले संवेदकों को निविदा इलैक्ट्रोनिक फार्मेट में वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करवानी होगी। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण कार्यालय में कार्यालय समय एव www.eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. : RSE2627SLOB00470

राज.संवाद/सी/26/5264 अति० जिला परियोजना समन्वयक

**नगर विकास न्यास, पाली**

डाक बंगला परिसर, पाली, फोन नं. 02932-223222, ई मेल - uitpali@gmail.com

क्रमांक :- न्या.पा./विज्ञापन/2026/1488 दिनांक :- 15/06/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या - 25/2026-27**

नगर विकास न्यास, पाली की ओर न्यास/राजकीय विभाग से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यों हेतु ऑन-लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा न्यास कार्यालय, पाली में कार्य दिवस के दौरान देखी जा सकती है।

यूबीएन नं. :- ITP2627WSOB00028

राज.संवाद/सी/26/5275 अधिशाषी अभियन्ता

**कार्यालय नगर पालिका नदबई (भरतपुर) राज0**

Mail Id :- nadbai.jaipur@yahoo.com Ph. No.: 05643-276696

क्रमांक :- न.पा.न./निर्माण/2026-27/1389 दिनांक : 16.06.2026

**BID No. 09/2026-27**

नगर पालिका क्षेत्र नदबई में निम्न कार्य करवाये जाने वास्ते राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों में रजिस्टर्ड संवेदकों/फर्म/संस्थाओं के माध्यम से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा प्रपत्र eproc.rajasthan.gov.in पर या SPPP पोर्टल से या किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्यों के यू.बी. एन. नम्बर निम्न प्रकार हैं :-

DLB2627GLOB07865, DLB2627GLOB07868

राज.संवाद/सी/26/5180 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका नदबई

**कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)**

क्रमांक:- 1740-47 दिनांक:- 10.06.2026

**ई-निविदा सूचना.... 2026-27**

नगर परिषद गंगापुर सिटी की ओर से राजकीय विभागों में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा सूचना निम्नलिखित बेवसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.gov.in पर से अपलोड एवं डाउनलोड की जा सकती है।

NIB No.-DLB2627A2919

राज.संवाद/सी/26/5199 आयुक्त नगर परिषद गंगापुर सिटी

**कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर**

जोधपुर 342304, राजस्थान, भारत

**ई-निविदा 03/2026-27**

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा Smart Class, Conference System & CCTV for CoA Baytu की खरीद के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई थी। विस्तृत विवरण एवं जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN NO. : JAU2627GLOB00052

राज.संवाद/सी/26/5252 नियंत्रक (वित्त)

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**

क्षेत्रीय कार्यालय, पता-IPIA ROAD NO.-06, KOTA कोटा (राज.), ई-मेल :rorpcb.kota@gmail.com

क्रमांक :- राप्रनिम/क्षे.का./कोटा/निविदा-623 दिनांक :- 16/06/2026

**Notice Inviting Bid**

Open Bid No. 01/2026-2027 for Man Power, Interested bidder applies upto 12:00 pm dated 25.06.2026 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://environment.rajasthan.gov.in/rpcb, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state and notice board of this office.

UBN: PCB2627SLOB00032, NIB : PCB2627A0032

Raj.Samwad/C/26/5257 Regional Officer

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- जोविप्रा/2026-27/633 दिनांक :- 16/06/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- मुख्यालय/13/2026-27**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदक जिनका पंजीयन नियमानुसार पुनरावलोकन (Review) किया हुआ हो, से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी। इन कार्य की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. :- JOD2627WSOB00122

राज.संवाद/सी/26/5240 अधिशाषी अभियंता

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड हिण्डौन**

क्रमांक- 563-72 दिनांक-12.06.2026

**निविदा सूचना संख्या-05/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदकों जो कि राज्य सरकार के एए, ए, बी, सी व डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदाओं से संबंधित विवरण वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE: PWD2627A1090

UBN NO. 1. PWD2627WSRC04715, 2. PWD2627WSRC04716, 3. PWD2627WSRC04717

DIPR/C/10570/2026 अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड हिण्डौन

**कार्यालय नगर परिषद् बाड़मेर (राज.)**

E-mail : mbbarmerraj@gmail.com PH. NO. 02982-220098

क्रमांक : एफ-15/विकास/2026-27/2842 दिनांक : 15.06.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या - 09/2026-27**

नगर परिषद् बाड़मेर की ओर से केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, उपक्रमों, संस्थानों में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान के नवीन नियमों के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त समकक्ष श्रेणी की फर्मो/ठेकेदारों से 02 निर्माण कार्य के लिये मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निर्माण कार्यो निविदा फार्म दिनांक 17.06.2026 से दिनांक 29.06.2026 तक ऑन लाईन प्राप्त की जाकर दिनांक 30.06.2026 को उपापन समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा को इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करानी होगी। उपरोक्त निविदा सूचना के संबंध में समस्त जानकारी/विवरण/शर्तें राज्य सरकार की वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in Or http://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं।

NIB Code : DLB2627A3179

राज.संवाद/सी/26/5204 आयुक्त नगर परिषद, बाड़मेर

**कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक :न.पा.फ.स./2026-27/101 दिनांक :- 16.06.2026

**- ई निविदा सूचना -**

**सूचना संख्या 03/2026-27**

नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ क्षेत्र के 2 जॉनो के 25 वार्डों में घर-घर कचरा संग्रहण, परिवहन, निस्तारण, आई.ई.सी. व यूजर चार्जेज संग्रहण का कार्य करने के लिए 2 कार्य की कुल राशि 77.00 लाख रूपयें हेतु 1 वर्ष के लिए अनुबंध हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नगर पालिका फतहनगर सनवाड़ में उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निविदा दिनांक 18.06.2026 से 29.06.2026 तक ऑन लाईन आंमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित निविदा प्रपत्र http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदाओं को इस वेबसाइड पर भरी जानी है। निविदा के किसी भी भाग को अथवा निविदा को निरस्त करने का अधिकारी सक्षम प्राधिकारी नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ को निहित होगा।

उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO- DLB2627SLRC07926, DLB2627SLRC07927

NIB CODE- DLB2627A3223

राज.संवाद/सी/26/5192 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका फतहनगर सनवाड

**Office of the Medical Superintendent**

RUHS Hospital of Medical Sciences, Jaipur

Address :Sector-11, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Tonk Road, Jaipur -302033 (Raj.)

No. :- F. ( ) RUHS HMS/Store/2026-27/3483 Date :- 15/06/2026

**Notice Inviting e-Bids**

Single Stage Two envelope Online bids (e-bids) are invited upto 02.00 pm of 08-07-2026 for Supply and Installation of following Equipment/Items at Dept. of Obstetrics and Gynecology, RUHS Hospital, Jaipur

| Sr. No. | Name of Equipment | Qty. | Total Est. Cost in Rs. |
|---|---|---|---|
| 1. | 4K Operating Laparoscopic Set | 01 | 85,00,000.00 |
| 2. | Digital Video Colposcope | 01 | 10,00,000.00 |
| 3. | Diagnostic Hysteroscopy Set with Hysteromat | 01 | 10,00,000.00 |
| 4. | Laparoscopy Hand Instruments Set | As per List | 6,00,000.00 |
| 5. | Laparoscopy Morcellator | 01 | 3,00,000.00 |
| 6. | Cryo Cautery Apparatus | 01 | 1,00,000.00 |
| 7. | Vacuum Extractor and Suction Machine | 02 | 1,00,000.00 |

Details may be seen in the Bidding Documents at the Website sppp.raj.nic.in, or eproc.rajasthan.gov.in.

UBN : CMS2627GLOB00019

UBN : CMS2627GSOB00020-25

Raj.Samwad/C/26/5250 Medical Superintendent

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PHED CITY CIRCLE AJMER**

**LOHA KHAN TEMPO STAND, AJMER**

Telphone no. 145-2970165 Email: address: seajmer@gmail.com

S.No. : SE/Ajmer/City Circle/Ar.City 1/2026-27/2353-56 Date: 08.06.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

**(NIT No. 04/2026-27)**

Online tenders are hereby invited on behalf of the Governor of Rajasthan for the following works from bidders meeting eligibility as per criteria mentioned in detailed tender document which can be seen and downloaded from website http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.rajasthan.gov.in. The tenders are tobe submitted online in electronic format on website http://eproc.rajasthan.gov.in as per schedule given below:

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs. in Lacs) | Bid Security @2% (Rs) | Last date of Submission of tender | Due date for opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 04/2026-27 | Rate Contract for Removal of Leakage InAC/CI/DI/MS/uPVC/HDPE Pipeline & inter Connections work in Ajmer City under city division I nad II Ajmer | 120.00 | 2,40,000 | 22.06.2026 | 23.06.2026 |

The fender shall be received online and opened in the office of Superintending Engineer, PHED, City Circle Ajmer. The cost of each tender document is Rs. 2,000/- (Rs. Two Thousand only) by depositing through e-Challan at e-grass System, RISL processing charges of Rs. 2,000/- (Rs. Two Thousand only) for each NIT and Bid securityas mentioned abvoe shall be deposit through e-Challan at e-grass System as described in detailed NIT in tender Document an uploaded online on designated website as above. This tender notification and other details can also be seen in NIT exhibited on web site http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in from dated 08.06.2026 exhibited on web site http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in from dated 08.06.2026.

| Nit No. | SPP ID NO. | UBN NO. |
|---|---|---|
| 04/2026-27 | PHE2627A0897 | PHE2627WSOB01803 |

DIPR/C/10481/2026 (Ramchandra Rar) Superintending Engineer, PHED, City Circle Ajmer